RAF SECTOR
NEWS CLIP
07/12/2021

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Pioneer, Meerut, (UP)

भीड़-दंगा नियंत्रण में दक्षता को लोक व्यवस्था अकादमी पहुंचीं यूपी पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली/मेरठ

भीड नियंत्रण/लोक व्यवस्था प्रबन्धन से संबंधित प्रशिक्षण के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस के 61 जवानों (पुरूषो की संख्या–52 व महिलाओं की संख्या–09) का दल मेरठ स्थित लोक व्यवस्था अकादमी (रैपो) पहुंचा।

दिनांक 06 दिसंबर से 18 दिसंबर तक रैपो मेरठ में संचालित होने वाले कोर्स का शुभारंभ सोमवार को अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक, रैपो, द्वारा किया गया। इस शुभ अवसर पर उत्तर प्रदेश पुलिस के प्रभाकर चौधरी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ एवं विवेक, सहायक पुलिस अधीक्षक, मेरठ, भी उपस्थित थे। इस प्रशिक्षण के दौरान उत्तर प्रदेश पुलिस के जवानों को दंगा नियंत्रण के सभी तकनीकी पहलुओं के साथ ही आधुनिक दंगा नियंत्रण हथियारों और विशेष तकनीकों में प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त कोर्स के दौरान इन जवानों को भीड़ नियंत्रण से संबंधित केस स्टडीज, विभिन्न प्रकार की फार्मेशनों, शारीरिक दक्षता, योगा, विभिन्न प्रकार के दंगा नियंत्रण हथियारों की जानकारी, भीड़ नियंत्रण, मानवाधिकारों को ध्यान में रखते हुए कानून एवं व्यवस्था का सही प्रकार से क्रियान्वयन, पुलिस पब्लिक व्यवहार, फायर फायटिंग तकनीक, लेस लीथल वेपन/मुनेशन हैण्डलिंग, नए विशेष उपकरणों, विशेष वाहनों दंगा विरोधी ड्रिल एवं वर्तमान में राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय परिस्थितियों को देखते हुए जनता के साथ सामंजस्य इत्यादि विषयों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

Dainik Jagran, Fatehpur, (UP)



आरएएफ ने किया फ्लैगमार्च...

रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) ने शहर की सड़कों पर फ्लैगमार्च कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। यह फोर्स 12 दिसंबर तक जनपद में रहेगी। आरएएफ प्रयागराज के सहायक कमांडेंट शेखर कुमार सिंह के अलावा इंस्पेक्टर अमित कुमार तिवारी, इंस्पेक्टर राजकुमार व शहर कोतवाल अरुण कुमार चतुर्वेदी रहे • जागरण

C/101 BN CARRIED FAMILIARISATION EXERCISE U/PS Kotwali Town, Fatehpur, Uttar Pradesh

Photos of Deployment/Fam-Ex/Other Activities of RAF

दिनांक 07/12/2021 को 100वीं वाहिनी द्रुत कार्य बल में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ.सुमित सेगल CMO(SG) द्वारा वाहिनी के मेन्स क्लब में जवानो को स्वच्छता के बारे में ब्रिफिंग किया गया।

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।